12.22 hrs.

Title: Need to provide financial assistance to Government of Gujarat for construction of a 'Science City' in the State -Laid.

श्री रतिलाल कालीदास वर्मा (धन्धुका): अध्यक्ष महोदय, गुजरात सरकार अहमदाबाद के निकट विश्व स्तर की एक विज्ञान नगरी का निर्माण कर रही है, जिसका उद्देश्य लोगों में ज्ञानवृद्धि के साथ साथ मनोरंजन तथा नागरिकों में वैज्ञानिक दृटिकोण को प्रोत्साहित करना भी है। राज्य सरकार इसका दूसरा चरण मार्च, 2002 से ही प्रारम्भ करने को आतुर थी तथा इस प्रयोजन हेतु साईंस सिटी को अब तक लगभग 40 करोड़ रूपया तो दिया ही जा चुका है एवं चालू र्वा के लिए भी 15.20 करोड़ रूपया प्रदान करने की भी व्यवस्था की गयी है। चूंकि यह एक विश्व स्तर की परियोजना है। अतः इस निर्माणाधीन कार्य को निर्धारित समयावधि के अंदर ही पूरा करने के लिए केन्द्र सरकार की ओर से भी आर्थिक सहायता की अपेक्षा एवं आवश्यकता है। इस संदर्भ में राज्य सरकार द्वारा केन्द्र को पत्र भी लिखे गये हैं।

सदन के माध्यम से मेरी केन्द्र से मांग है कि उपरोक्त जनहित कार्य को पूरा करने के लिए केन्द्र सरकार 41 करोड़ रूपये की धनराशि सहायता के रूप में साईंस सिटी को प्रदान करे। चूंकि गुजरात ऐसे भी पूरे विश्व में प्रख्यात है और दुनिया का ऐसा कोई भी देश नहीं होगा, जहां गुजरात के लोग न रहते हों। गुजराती लोगों ने अमेरिका, इंग्लैंड व कनाडा जैसे राट्रों में विशिट पदों पर अपनी सेवायें प्रदान करते हुए गुजरात के साथ साथ भारतर्वा की भी आन व शान में वृद्धि की है। अतः मेरा पुनः अनुरोध है कि उपरोक्त कार्य को पूरा करने के लिए केन्द्र सरकार आर्थिक सहायता प्रदान करे।

*Treated as Laid on the Table.